पत्र सूचना कार्यालय

भारत सरकार

****

केंद्रीय गृह मंत्री ने डॉक्टरों व IMA के वरिष्ठ प्रतिनिधियों साथ बातचीत की और उन्हें COVID -19 के खिलाफ लड़ाई में उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया

स्वास्थ्य कर्मियों पर हमला निंदनीय; मोदी सरकार उनकी भलाई और सुरक्षा सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी: श्री अमित शाह

नई दिल्ली, 22 अप्रैल, 2020

केंद्रीय गृह मंत्री, श्री अमित शाह और केंद्रिय स्वास्थ्य मंत्री, डॉ. हर्षवर्धन ने आज नई दिल्ली में एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डॉक्टरों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

गृह मंत्री ने डॉक्टरों की अहम भूमिका, विशेष रूप से कोरोनावायरस के खिलाफ लड़ाई में, की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि सभी डॉक्टर इस लड़ाई में समर्पित रूप से काम करना जारी रखेंगे, जैसा कि वे अब तक कर रहे हैं। उन्होंने डॉक्टरों द्वारा COVID-19 जैसी घातक बीमारियों से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए उनके समर्पण और बलिदान को नमन किया।

कोरोनावायरस के खिलाफ लड़ाई में उनकी सुरक्षा के बारे में डॉक्टरों की सभी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, गृह मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि मोदी सरकार उनकी भलाई और सुरक्षा सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

श्री शाह ने स्वास्थ्य कर्मियों पर हाल के हमलों की कड़ी निंदा की और कहा कि प्रधानमंत्री डॉक्टरों के सभी मुद्दों और चिंताओं का बारीकी से संज्ञान ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक इंतज़ाम किए जाएंगे। उन्होंने डॉक्टरों से अपील की कि वे उनके द्वारा प्रस्तावित प्रतीकात्मक विरोध भी न करें, क्योंकि यह राष्ट्रीय और वैश्विक हित में नहीं है।

केंद्र सरकार से तत्काल उच्च स्तरीय प्रतिक्रिया और केंद्रीय गृह एवम स्वास्थ्य मंत्रियों द्वारा दिए गए आश्वासन को ध्यान में रखते हुए, IMA ने COVID-19 के खिलाफ लड़ाई को निर्बाध रूप से बनाए रखने के लिए प्रस्तावित विरोध वापस ले लिया है।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव, गृह सचिव, वरिष्ठ चिकित्सक और नीति आयोग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

*****

वीजी/एसएनसी/वीएम